दिनांक : 31 .05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री का भोपाल आगमन आज। महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के साथ विकास कार्यो का करेंगे शुभारंभ।
- राष्ट्रपति भवन में हुआ साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन। साहित्य में महिलाओं के योगदान पर हुई चर्चा।
- तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेश में होंगे जागरूकता कार्यक्रम।
- थाईलेंड ओपन मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत की जीत।

प्रधानमंत्री भोपाल यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री कई विकास कार्यों का शुभारम्भ और लोकार्पण भी करेंगे।

लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में करीब 2 लाख महिलाएं शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे.

इसके अलावा, प्रधानमंत्री जल संसाधन विभाग के करीब 863 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का वर्चुअल भूमि पूजन करेंगे। श्री मोदी 1 हजार 271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण के लिए पहली किश्त भी जारी करेंगे। अटल ग्राम सुशासन भवनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थाई भवन की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित डाक टिकट और 300 रुपए का स्मारक सिक्का भी जारी करेंगे। श्री मोदी राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तिकरण और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। इस सम्मेलन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि शामिल होंगे ।

इस बारे में मंडला से सिंदूर के पौधे लेकर महिलाओं का दल भोपाल रवाना हो गया है, हमारे संवाददाता ने बताया...

साहित्य अकादमी-सम्मेलन

राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य में बदलाव विषय पर दो दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन आयोजन किया गया। सम्मेलन में नारी को महत्व देने से संबंधित साहित्य, साहित्य में बदलाव और भारतीय साहित्य में नए आयामों पर सत्र आयोजित किए गए। सम्मेलन में साहित्य में महिलाओं के योगदान, समाज को आकार देने में साहित्य की भूमिका और भारतीय लेखन पर वैश्वीकरण के प्रभाव पर चर्चा हुई। सम्मेलन के समापन पर देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित एक प्रस्तुति पेश की गई।

सरकार-तेल

केंद्र सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है।

इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। उल्लेखनीय है कि भारत मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल आयात करता है।

पोस्ट-सिंधिया

डाक विभाग ने कल असाधारण सेवा के लिए ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में प्रतिभागियों से बातचीत की। मंत्री ने ग्रामीण डाक सेवकों को ग्रामीण भारत में डाक नेटवर्क की रीढ़ बताया और उनके द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण डाक सेवकों के प्रयासों को मान्यता देना था। देश भर के सभी 23 डाक सर्किलों से कुल 33 ग्रामीण डाक सेवकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जो भारतीय डाक द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले विविध और विशाल ग्रामीण परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।

पीएम-यूपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के कानपुर में साढ़े 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 15 मेगा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने बेटियों के गुस्से और दर्द को देखा और भारत ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत देखी है।

बाइट- प्रधानमंत्री, 18 सेकेंड

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

प्रदेश में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष प्रदेश की थीम - तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी है. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के धार, मंडला, बैतूल, भोपाल सहित अन्य जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। पेश है एक रिपोर्ट.

विश्व पर्यावरण दिवस

प्रमुख सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी ने मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। श्री कोठारी ने कहा कि इस वर्ष के पर्यावरण दिवस का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण का उन्मूलन'' पर आधारित रहेगा। प्रदेश में इस वर्ष के अभियान "एक पेड़ माँ के नाम'' का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से किया जायेगा। यह अभियान 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा। अभियान में जन-सहयोग से पौध-रोपण किया जायेगा। उन्होंने पर्यावरण दिवस पर राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार के संबंध में भी बिन्दुवार जानकारी ली।

विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान देश के पूर्वोत्तर भागों में हल्की से लेकर मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी तीन जून तक ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज इंदौर सहित प्रदेश के 15 जिलों तेज आंधी और बारिश का अनुमान जताया है।

थाईलैंड ओपन बॉक्सिंग

थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत की किरण और दीपक अपने-अपने वर्ग के फाइनल में पहुंच गए हैं। महिलाओं के 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग के सेमीफाइनल में किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेरनेन को पांच-शून्य से हराया। पुरुषों के 75 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में दीपक ने थाईलैंड के पीरापत येसु को पांच - शून्य से पराजित किया।

प्रतियोगिता में भारत का 19 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर प्रसादालय में आनंद विभाग द्वारा मंदिर प्रशासन के कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय 'अल्पविराम कार्यशाला' का आयोजन किया गया।
- मन्दसौर जिले के ग्राम गरोड़ा में "अजाक्स चला गांव की ओर" अभियान के तहत छात्र मार्गदर्शन शिविर संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर और रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।
- निवाड़ी जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

-------